II Jai Sri Gurudev II
Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

## मॉडल प्रश्न पत्र

**विषय: हिंदी**
**कक्षा: VI** — **अधिकतम अंक: 40**
**छात्र का नाम: ____________________** — **समय अवधि: 1 घंटा 20 मिनट**

---

**सामान्य निर्देश:**

i. **प्रश्न पत्र को चार खंडों में विभाजित किया गया है।(क, ख, ग और घ ) जिसमें कुल प्रश्न संख्या 12 है।**
ii. **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
iii. **सभी प्रश्नों के अंक प्रश्नों के सामने लिखे गए हैं।**
iv. **1 अंक के उत्तर (10-20 शब्दों) , 2अंक के उत्तर (25-30 शब्दों) में उत्तर दें।**
v. **5 अंकों के उत्तर (100-150 शब्दों) में उत्तर दें।**

---

| | **खंड - क** | **अंक** |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त लिखिए ।**<br>आरव एक मेधावी विद्यार्थी था। वह पढ़ाई, खेल और चित्रकला में हमेशा अच्छा प्रदर्शन करता था। उसकी सफलता के कारण शिक्षक और अभिभावक उसकी प्रशंसा करते थे। धीरे-धीरे उसके मन में अहंकार आ गया। वह अपने सहपाठियों को कम समझने लगा और किसी की सहायता नहीं करता था। यदि कोई विद्यार्थी उससे कोई प्रश्न पूछता, तो वह उसे टाल देता था।<br>एक दिन विद्यालय में "विज्ञान एवं नवाचार प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों को समूह बनाकर एक परियोजना तैयार करने के लिए कहा गया। आरव ने सोचा कि वह अकेले ही सबसे अच्छा मॉडल बना सकता है, इसलिए उसने किसी के साथ काम करने से मना कर दिया। दूसरी ओर, उसके चार सहपाठियों ने मिलकर "जल संरक्षण" विषय पर एक आकर्षक और उपयोगी परियोजना तैयार की।<br>प्रदर्शनी के दिन सभी ने आरव के मॉडल की प्रशंसा की, क्योंकि वह देखने में बहुत सुंदर था। किंतु जब निर्णायकों ने परियोजनाओं का मूल्यांकन किया, तो उन्होंने पाया कि आरव के मॉडल में केवल सुंदरता थी, जबकि उसके मित्रों की परियोजना में रचनात्मकता, उपयोगिता, टीमवर्क और सामाजिक संदेश भी था। परिणाम घोषित होने पर मित्रों की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।<br>आरव को अपनी हार पर बहुत आश्चर्य हुआ। उसने अपने विज्ञान शिक्षक से इसका कारण पूछा। शिक्षक ने मुस्कुराते हुए कहा, "प्रतिभा मनुष्य को आगे बढ़ाती है, लेकिन विनम्रता और सहयोग उसे महान बनाते हैं।" यह बात आरव के मन को छू गई। उसने अपनी गलती स्वीकार की और अपने मित्रों से क्षमा माँगी।<br>उस दिन के बाद आरव के व्यवहार में बहुत परिवर्तन आया। वह अपने सहपाठियों की पढ़ाई में सहायता करने लगा और सभी के साथ मिल-जुलकर रहने लगा। कुछ महीनों बाद उसे विद्यालय का "सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार" प्रदान किया गया। इस बार वह केवल अपनी प्रतिभा के कारण नहीं, बल्कि अपने अच्छे व्यवहार, सहयोग की भावना और नेतृत्व क्षमता के कारण सम्मानित हुआ। इस घटना ने | |

| | | |
|---|---|---|
| | सभी विद्यार्थियों को यह सीख दी कि सच्ची सफलता केवल पुरस्कार प्राप्त करने में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में है। | |
| (क) | आरव के मन में अहंकार क्यों आ गया था? | |
| (ख) | 'मेधावी' शब्द का अर्थ लिखिए। | |
| (ग) | विज्ञान प्रदर्शनी की घटना ने आरव के जीवन में क्या परिवर्तन लाया? | |
| (घ) | 'प्रदर्शनी' शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए। | |
| (ङ) | यदि आप आरव के मित्र होते, तो उसके व्यवहार के प्रति आपका क्या दृष्टिकोण होता? | |
| | **खंड - ख** | |
| **प्रश्न 2.** | **दिए गए प्रश्नों के कथानुसार उत्तर दीजिए:** | |
| (क) | निम्नलिखित में से कौन-सा दीर्घ स्वर है?<br>(i) अ (ii) इ (iii) उ **(iv) ई** | |
| (ख) | "कितनी सुंदर पेंटिंग है!" यह कौन-सा वाक्य है?<br>(i) विधानवाचक **(ii) विस्मयादिबोधक** (iii) प्रश्नवाचक (iv) इच्छावाचक | |
| (ग) | " स्वाधीन" का विलोम शब्द है-<br>**(i) पराधीन** (ii) अनुज (iii) अन्याय (iv) प्राचीन | |
| (घ) | निम्न में से कौन-सा संयुक्त व्यंजन नहीं है?<br>(i) ज्ञ (ii) क्ष (iii) श्र **(iv) ओ** | |
| (ङ) | कथन (A): मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और एक या अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं।<br>कारण (R)**:** मिश्र वाक्य में समुच्चयबोधक अव्यय का प्रयोग नहीं होता।<br>(i) दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ii) दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता।<br>**(iii) A सही है, R गलत है।**<br>(iv) A गलत है, R सही है। | |
| **प्रश्न 3.** | **निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही (✓) अथवा गलत (✗) का चिन्ह लगाइए:** | |
| (क) | 'औ' एक ह्रस्व स्वर है। **गलत** | |
| (ख) | वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है। **सही** | |
| (ग) | मैं कल दिल्ली जाऊँगा।' विधानवाचक वाक्य है। **सही** | |
| (घ) | जिन व्यंजनों का उच्चारण स्वर और व्यंजन के बीच की स्थिति में होता है, उन्हें **अंतःस्थ व्यंजन** कहते हैं। **सही** | |
| **प्रश्न 4.** | **निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ की दृष्टि से भेदों के नाम लिखिए:-** | |
| (क) | "क्या तुमने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया?" **प्रश्नवाचक वाक्य** | |
| (ख) | "ईश्वर तुम्हारी रक्षा करे।" **इच्छावाचक वाक्य** | |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | "अरे! तुम यहाँ कैसे?" **विस्मयादिबोधक वाक्य** | |
| (घ) | "कृपया दरवाज़ा बंद कर दो।" **आज्ञावाचक वाक्य** | |
| **प्रश्न 5**. | **निम्नलिखित शब्दों का वर्ण - विच्छेद कीजिए:**<br>(क) विद्यालय - **व् + इ + द + य + आ +ल + अ +य +अ**<br>(ख) क्षमा - **क् + ष् + अ + म +आ**<br>(ग) श्रद्धा - **श् + र + अ + द् + ध +आ**<br>(घ) इकाई **- इ + क +आ + ई** | |
| **प्रश्न 6**. | **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:**<br>(क) आदान - **प्रदान** (ख) आलस्य - **परिश्रम**<br>(ग) एकता - **अनेकता** (घ) लायक - **नालायक** | |
| | **खंड - ग** | |
| **प्रश्न 7.** | **दिए गए प्रश्नों के कथानुसार उत्तर दीजिए:** | |
| (क) | बुरा करने वाले के मन में सदा क्या विचार आता है?<br>**(i) उसके साथ भी बुरा होगा।**<br>(ii) जिसके साथ मैंने बुरा किया है उससे क्षमा माँग लेनी चाहिए।<br>(iii) उसे मन ही मन पछतावा होता है।<br>(iv) वह सबसे छिपकर रहना चाहता है। | |
| (ख) | कवि ने वर्षा की बूँद की तुलना किससे की है?<br>(i) मोती से (ii) फूल से **(iii) अमृत से** (iv) तारे से | |
| (ग) | **कथन (A):** बादलों की गर्जना को नगाड़ों की आवाज़ कहा गया है।<br>**कारण (R):** बादलों की गर्जना बहुत मधुर और धीमी होती है।<br>**विकल्प:**<br>(i) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही कारण है<br>(ii) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही कारण नहीं है<br>**(iii) A सही है, R गलत है**<br>(iv) A गलत है, R सही है | |
| **प्रश्न 8** | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।**<br>(क) जलधर - **बादल** (ख) तरक्की - **उन्नति** | |
| **प्रश्न 9** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (10 से 20 शब्दों में ) दीजिए।** | |
| (क) | ध्यानचंद जी सफलता का मूलमंत्र क्या था? | |
| (ख) | बादल धरती की तरुणाई कैसे जगा रहे हैं? | |
| **प्रश्न 10** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर(25 से 30 शब्दों में ) दीजिए।** | |
| (क) | खेल जगत में ध्यानचंद का नाम विस्मरणीय है- कैसे? | |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | ''धरती के सूखे अधरों पर, गिरी बूँद अमृत-सी आकर।वसुंधरा की रोमावलि-सी, हरी दूब पुलकी-मुसकाई। पहली बूँद धरा पर आई।।'' कविता की पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। | |
| **प्रश्न 11** | **पाठ के अनुसार निम्नलिखित गलत वाक्यों को संशोधित कर पुनः लिखिए।** | |
| (क) | राम और लक्ष्मण, महर्षि वेदव्यास के साथ वन की ओर जा रहे थे।<br>**राम और लक्ष्मण महर्षि विश्वामित्र के साथ वन की ओर जा रहे थे।** | |
| (ख) | महर्षि ने कहा कि सुबह में यात्रा करना उचित नहीं होता।<br>**महर्षि ने कहा कि सुबह में यात्रा करना उचित होता है।** | |
| **प्रश्न 12** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (10 से 20 शब्दों में ) दीजिए।** | |
| (क) | गंगा नदी पार करने के लिए उन्होंने किसका उपयोग किया? | |
| (ख) | महर्षि विश्वामित्र किस प्रकार के गुरु थे? | |
| (ग) | जंगल में सूर्य की किरणें धरती तक क्यों नहीं पहुँचती थीं? | |
| | **खंड - घ** | |
| **प्रश्न 13** | **दिए गए विषय पर (100 - 150 शब्दों में ) अनुच्छेद लिखिए।**<br>**खेल और पढ़ाई में संतुलन**<br><br>**अथवा**<br>**पत्र लेखन: प्रधानाचार्य को विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान आयोजित करने हेतु पत्र।** | |